# प्रेस नोट- थाना रोजा

## जनपद- शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांकः 05.11.2025

**"थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा हत्या के मुकदमें का 24 घण्टे में अनावरण करते हुए वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार"**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार ,पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक रोजा के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अपराध में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 05.11.2025 को थाना रोजा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 04.11.2025 को वादिनी मुकदमा द्वारा अपने ससुर नूर मोहम्मद पुत्र जल्लू निवासी ग्राम सुतनेरा थाना रोजा शाहजहांपुर के द्वारा वादिनी मुकदमा की नन्द की लकडी की डन्डे से पीट पीट कर हत्या कर देने के आरोप अंकित करते हुए तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर दिनांक 04.11.2025 को थाना रोजा पर मु0अ0सं0 583/25 धारा 103(1) बी.एन.एस.-2023 बनाम नूर मोहम्मद पुत्र जल्लू निवासी ग्राम सुतनेरा थाना रोजा शाहजहांपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में थाना रोजा पुलिस टीमें गठित की गयी जिनके द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों पर दबिश देकर 24 घण्टे में घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त नूर मोहम्मद पुत्र जल्लू उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम सुतनेरा थाना रोजा शाहजहाँपुर को दिनांक 04.11.2025 को ग्राम दिउरिया मोड के पास सडक किनारे समय 22.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

नूर मोहम्मद पुत्र जल्लू उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम सुतनेरा थाना रोजा,शाहजहाँपुर

**पंजीकृत अभियोगः-**

**मु0अ0सं0 583/25 धारा 103(1) बी.एन.एस. -2023** थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

दिनांक- 04.11.2025, समय 22.45 बजे ,दियुरिया मोड के पास सडक किनारे।

**बरामदगी का विवरणः-**

घटना में प्रयुक्त लकडी का डन्डा

**पूछताछ का विवरणः-**

अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि साहब मेरी पुत्री किसी लडके से बात करती थी मुझे रात्रि में नींद की गोली देकर सुला देती थी और उस लडके को बुला लेती थी।मैंने अपनी पुत्री को कई बार समझाने का कोशिश कि किन्तु वह नही मानी तो मैंने दिनांक 04.11.2025 को अपने मकान में ही लकडी के डण्डे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त द्वारा घटनास्थल से बरामद लकड़ी के डन्डे को देखकर बताया कि साहब यह वही डन्डा है जिससे मैंने अपनी पुत्री रुबी की हत्या की थी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार थाना रोजा, शाहजहाँपुर।
2. अपराध निरीक्षक श्री गंगा सिहं ,थाना रोजा शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 श्री सागर थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
5. हे0का0 137 शहनबाज थाना रोजा,शाहजहाँपुर।